उत्तर-पूर्वी क्षेत्र :

असम . .	90.91
मणिपुर . .	105.04
मेघालय . .	127.78
नागालैण्ड . .	72.85
त्रिपुरा .	58.52
अरुणाचल प्रदेश .	66.67
मिजोरम . .	71.53
उप जोड़ :	89.15
जोड़ (अखिल भारत) .	281.48

नाथपा झाकरी परियोजना

2736. **श्री अजीत जोगी :**
श्री शिव प्रताप मिश्र :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नाथपा झाकरी परियोजना पर कार्य शुरु हो गया है ;

(ख) क्या पानी के बंटवारे के सम्बन्ध में कोई अन्तर्राज्यीय विवाद है ;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ;

(घ) सरकार ने विवाद को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं ; और

(ङ) क्या राजस्थान को पानी का समुचित हिस्सा आबंटित किए जाने का विचार है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) नाथपा झाकरी जल विद्युत परियोजना (6×250= 1500 मे०वा०) एक निर्माणाधीन स्कीम है और इसे 4337.75 करोड़ रुपये की संशोधित लागत पर जून, 1993 में स्वीकृति प्रदान की गई है । परियोजन' को दिसम्बर, 1998 तक चालू किए जाने का कार्यक्रम है ।

(ख) से (ङ) नाथपा झाकरी जल विद्युत परियोजना में विद्युत उत्पादन के लिए सतलुज नदी के जल की रन-ऑफ-रिवर विकास स्वरूप में समुपयोजन किए जाने की परिकल्पना की गई है इस में नदी जल की मौसमी भण्डारण करने की आवश्यकत नहीं है । जल बंटवारे के सम्बन्ध में कोई अन्तर्राज्यीय विवाद नहीं है ।

दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 में संशोधनों की मांग

2737. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ राज्य सरकारों ने केन्द्र सरकार से दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 में कुछ संशोधन करने का अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

विद्युत वित्त निगम द्वारा विद्युत परियोजनाओं का वित्त पोषण

2738. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विद्युत वित्त निगम द्वारा विद्युत परियोजनाओं का वित्त पोषण करने के लिए क्या मानदण्ड अपनाये गए हैं ;